# 3 नन्हा मुन्ना राही हूँ

X7Q1L9

– शकील बदायुँनी

इस गीत में बाल सैनिक देश को आगे बढ़ाने की भावना व्यक्त करता है। उसकी इच्छा है कि आगे बढ़ते वक्त चाहे कितनी ही बाधाओं का सामना करना पड़े फिर भी मंज़िल प्राप्त न हो तब तक वह डटकर बाधाओं का सामना करता रहेगा। देश में रहनेवाले लोग शांति से रहें, एक दूसरे से प्रेमपूर्ण व्यवहार करें ऐसी बच्चे की भावना है।



नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ
बोलो मेरे संग जयहिन्द... जयहिन्द... जयहिन्द
रस्ते पे चलूँगा न डर-डर के,
चाहे मुझे जीना पड़े मर-मर के,
मंजिल से पहले न लूँगा कहीं दम,
आगे ही आगे बढ़ाऊँगा कदम।
दाहिने – बायें, दाहिने – बायें... थम... नन्हा-मुन्ना ०
धूप में पसीना मैं बहाऊँगा जहाँ,
हरे-हरे खेत लहराएँगे वहाँ,
धरती पे पापी न पाएँगे जनम,
आगे ही आगे बढ़ाऊँगा कदम।
दाहिने – बायें, दाहिने – बायें... थम... नन्हा-मुन्ना ०
बड़ा हो के देश का सहारा बनूँगा,
दुनिया की आँखों का तारा बनूँगा
रखूँगा ऊँचा तिरंगा हरदम,



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

आगे ही आगे बढ़ाऊँगा कदम।

दाहिने – बायें, दाहिने – बायें... थम... नन्हा–मुन्ना ○

शांति की नगरी है मेरा यह वतन,

सबको सिखाऊँगा मैं प्यार का चलन।

दुनिया में गिरने नहीं दूँगा कहीं बम,

आगे ही आगे बढ़ाऊँगा कदम।

दाहिने – बायें, दाहिने – बायें... थम... नन्हा–मुन्ना ○

– शकील बदायुँनी

## शब्दार्थ

**नन्हा** छोटा **धूप** तड़को (गुज़) **राही** मुसाफिर, यात्री **सिपाही** सैनिक **वतन** देश (जन्मभूमि) **मंजिल** लक्ष्य, ध्येय **चलन** व्यवहार, आचरण **दम** साँस **बम** विस्फोटक पदार्थों का बना हुआ गोला **कदम** पैर

## मुहावरे

**आँखों का तारा** बहुत प्यारा



## अभ्यास

### 1. उत्तर दीजिए :

(1) ऐसे कार्य बताओ जो तुम देशसेवा के लिए करना चाहते हो या करते हो।

(2) अगर तुम सिपाही होते तो क्या करते?

(3) एक सैनिक लड़ते–लड़ते घायल हो गया तो वह क्या सोचता होगा?

(4) हम अपने राष्ट्रध्वज को तिरंगा क्यों कहते हैं? इसके रंगों के अर्थ बताओ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. इस गीत में बच्चे द्वारा देशसेवा के लिए कुछ काम करने की भावना व्यक्त हुई है। गीत पढ़कर बताओ कि क्या होगा जब–**

(1) बच्चा धूप में पसीना बहाएगा–

(2) दुनिया में कहीं बम नहीं गिरेंगे–

(3) बच्चा मंजिल से पहले कहीं दम नहीं लेगा–

(4) धरती पर पापी जन्म नहीं लेंगे–

**3. गीत में एक पंक्ति है – 'बोलो मेरे संग जयहिन्द जयहिन्द'। यह एक नारा है जो हम कई अवसरों पर बोलते हैं। सोचो और बताओ –**

(1) तुमने यह नारा किस अवसरों पर बोला है?

(2) इस नारे के अलावा आप और कौन–से नारे बोलते हैं?

**4. इस गीत में बच्चे ने अपने आपको देश का सिपाही बताया है। तुम भी बड़े होकर कुछ न कुछ बनना चाहते होगे। बताओ –**

(1) बड़े होकर तुम क्या बनना चाहते हो?

(2) क्यों बनता चाहते हो?



## स्वाध्याय

Y4R6E6

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(1) धूप में पसीना बहाने से क्या होगा?

(2) दुनिया की आँखों का तारा कौन बनेगा?

(3) नन्हा राही सबको क्या सिखाएगा?

(4) नन्हा राही दुनिया में क्या गिरने नहीं देगा?

(5) देश का सिपाही कौन है?

(6) नन्हा राही रास्ते पर कैसे चलेगा?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. निम्नलिखित शब्दों का विलोम ( विरोधी ) शब्द ढूँढ़कर लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आगे | बड़ा | नीचा | छाँव |
| दायाँ | धूप | पीछे | बायाँ |
| धरती | ऊँचा | छोटा | आकाश |

उदाहरण : **आगे** **X** **पीछे**

**उपर्युक्त विलोम शब्द आधारित वाक्य बनाइए।**

उदाहरण : सब बच्चे आगे चले जा रहे थे।

कोई भी बच्चा पीछे नहीं रहना चाहता।

**3. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द सामने दिए गए आयत में से ढूँढ़कर लिखिए :**

राही ________, ________

सिपाही ________, ________

धरती ________, ________

रास्ता ________, ________

मंजिल ________, ________

फौज़ी, राह,
मुसाफिर, धरा,
पंथ, लक्ष्य,
पृथ्वी, ध्येय,
सैनिक, पंथी,



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**4. मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :**

(1) धरती पर पापी जनम नहीं लेंगे।

(2) बच्चे रास्ते पर बिना डरे चल पाएँगे।

(3) मैं देश का सिपाही हूँ।

(4) दुनिया में कहीं भी बम नहीं गिरेगा।

(5) हमारे देश का नाम भारत है।

**5. निम्नलिखित भावार्थ से संबंधित पंक्तियाँ कविता में से ढूँढ़कर लिखिए :**

(1) नन्हा राही बिना डरे रास्ते पर चलेगा।

(2) नन्हा राही मंजिल पाए बिना दम नहीं लेगा।

(3) नन्हा राही सबका प्यारा बनेगा।

(4) हमारा देश शांतिप्रिय है।

**6. उचित शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :**

(1) लड़के खेल ____________ । (रहा है, रहे हैं)

(2) ____________ क्रिकेट खेलता हूँ। (मैं, हम)

(3) आप कहाँ जा रहे ____________ ? (हैं, है)

(4) ____________ किताबों में से आपकी किताब कौन-सी है? (ये, इन)

(5) हम ____________ । (पढ़ता है, पढ़ते हैं)

**7. कविता के आधार पर 'देश' या 'सिपाही' के बारे में पाँच-सात वाक्य लिखिए।**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**8. इस गीत में बच्चे ने सिपाही बनकर देश की सेवा करने की भावना व्यक्त की है। सोचो, क्या देश की सेवा केवल सिपाही बनकर ही की जा सकती है? बताओ/लिखो देश की सेवा कैसे करते हैं -**

(1) किसान (2) शिक्षक (3) खिलाड़ी (4) कलाकार (5) आप

**9. शिक्षक द्वारा दाँया( दाहिना ) एवं बाँया किसे कहेंगे यह जानें ।**

## योग्यता-विस्तार

- आप प्रसार भारती के माध्यम से प्रसारित कार्यक्रमों में से देशभक्ति के गीत सुनकर याद करें।
- देशभक्ति के गाने पसंद करके संग्रह कीजिए। दूरदर्शन पर प्रसारित 26 जनवरी या 15 अगस्त के कार्यक्रमों को देखकर चर्चा कीजिए।

✷



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in